

# 'मुख्यमंत्री के आने-जाने वाले रास्ते पर इंतजाम बेहतर हो'

रतलाम, नप्र। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान आगामी दिनों में रतलाम आएंगे।

मुख्यमंत्री के संभावित आगमन को लेकर प्रशासन ने सजक होकर मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर किए इंतजामों की चाकचौबंद तैयारियां शुरू कर दी है।

हाल ही में कलेक्टर एवं प्रशासक नगर निगम गोपालचन्द्र डाड ने निगम अधिकारियों की बैठक ली। इंतजामों पर चर्चा कर कलेक्टर ने निगम अधिकारियों से मुख्यमंत्री के आने जाने वाले रास्तों की बेहतर साफ-सफाई कर सड़कों की मरम्मत करने को कहा। आगाह किया गया कि मुख्यमंत्री के आने-जाने वाले रास्तों पर सुरक्षा के काम सहित अन्य इंतजाम बेहतर हो।

कलेक्टर गोपाचन्द्र डाड ने मुख्य कार्यक्रम स्थल डोसीगांव में पांडाल सहित अन्य इंतजाम में सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए करवाए जाने के निर्देश दिए। बैठक में उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त ज्योति सुनारिया, प्रभारी कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, जी.के. जायसवाल, एम.के.जैन, प्रभारी जलप्रदाय सत्यप्रकाश आचार्य, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, निगम सचिव जसवंत जोशी, कार्यालय अधीक्षक रामचन्द्र शर्मा, समग्र सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी आयुषी पालीवाल, प्रभारी पेंशन जगदीश पांचाल, उपयंत्री सुहास पंडित, राजेश पाटीदार, सिद्धार्थ सोनी, अनिता ठाकुर, सिटी मैनेजर कपिल मारोठिया, नितिन तिवारी, स्टेनोग्राफर प्रमोद तिवारी, सिटी मैनेजर कपिल मारोठिया, नितिन तिवारी सहायक राजस्व निरीक्षक अंजनीप्रसाद मिश्रा, सामुदायिक संगठिकाएं आदि उपस्थित थे।

## गंदगी करने पर 18 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम ● नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सतत निगरानी रखी जा रही है, इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रूम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार गंदगी करने पर हेमन्त दो बत्ती पर 500, नेशनल इलेक्ट्रीक चमारिया नाका पर 250, कमल, सुनील महू रोड बस स्टैण्ड, राठौर रेस्टोरेंट त्रिपोलिया गेट, विष्णु कसेरा, मुनव्वर बी चांदनी चौक पर ,100-100, बबलू त्रिपोलिया गेट, नानीबाई, इमरान, साजिद, हेमराज, विरेन्द्र, आफताब, सोनू, मोहनलाल, भेरु व जितेन्द्र चांदनी चौक पर 50-50 रुपए का स्पॉट फाईन किया गया।

## गंदगी करने पर 14 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां-वहां डालकर नगर को गंदा करते है ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है।

नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सत्त निगरानी रखी जा रही है इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रूम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार गंदगी करने पर ऑन लाईन वियर, बी.एफ.एफ. बेड, ब्वाईज बुटिक, राज गिफ्ट दो बत्ती, अर्जुन बस महू रोड, गुड्डा आपा काजीपुरा पर 250-250, जमनालाल, सुरेश, विष्णु कुमार, परशुराम, मनीष महू रोड बस स्टैण्ड, यूनिक हार्डवेयर, मालवा मशीनरी लक्कड़पीठा रोड पर 100-100 व लखन चांदनी चौक पर 50 रूपये का स्पॉट फाईन किया गया। जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी किरण चौहान व पर्वत हाड़े, उप स्वच्छता निरीक्षक विनय चौहान आदि के द्वारा की गई। गंदगी व मलबा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितों के विरूद्ध जुर्माना किये जाने क अभियान निरंतर जारी रहेगा।

## गंदगी करने पर 11 पर जुर्माना

रतलाम. नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां-वहां डालकर नगर को गंदा करते हैं ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है। इसी के अंतर्गत शुक्रवार को 11 लोगों पर जुर्माने की कार्रवाई की गई।

## गंदगी फैलाने पर 11 लोगों से अमले ने जुर्माना वसूला

रतलाम | शुक्रवार को निगम अमले ने 11 लोगों पर जुर्माना किया। देवदत्त, दीपक, कमल धानमंडी, सोमनाथ नमकीन बिरियाखेड़ी पर 500 रुपए, राज इंटरप्राइजेस गुंजन ट्रेडर्स धानमंडी पर 250 रुपए, नंदू मुनिया महू रोड पर 150, योगेन्द्र महू रोड, केसर महू रोड व सावंत छत्रीपुल पर 50 रुपए का स्पॉट फाइन लगाया।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–प्रसारण–पृष्ठ 15 दिनांक 30/01/2021

# नागरिक गंदगी से नफरत करना सीखे, तभी स्वच्छ और सुंदर होगा शहर

## स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत गांधी नगर में भव्य जागरुकता कार्यक्रम संपन्न, आधा दर्जन प्रतियोगिताओं में महिलाओं और बालिकाओं ने बताए रतलाम को स्वच्छ और सुंदर बनाने के तरीके

प्रसारण न्यूज़ • रतलाम

शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने की जिम्मेदारी क्या सिर्फ सफाई संरक्षकों की ही है। इस काम में हर नागरिक विशेषकर युवाओं को बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाना चाहिए। आज हमारे पड़ोसी शहर इन्दौर को चार बार देश में सबसे स्वच्छ शहर का सम्मान मिला है, तो उसमें वहां के नागरिकों की भी भागीदारी है। हमारे सफाई संरक्षक दिन-रात शहर की स्वच्छता को लेकर तत्परता से काम कर रहे है, मगर जनभागीदारी के अभाव में शहर में स्वच्छता के प्रयास आज भी अधूरे है। जब तक नागरिक गंदगी से नफरत करना नहीं सीखेंगे, तब तक यहां स्वच्छता की बात कल्पना ही मानी जाएगी। ऐसे में हमें स्वच्छ सर्वेक्षण में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाना चाहिए। हमारा स्कूल, हमारा मोहल्ला, हमारी सड़क और हमारा शहर स्वच्छ और सुंदर बनेगा तो हर नागरिक स्वस्थ भी रहेगा। आज हम सभी यह संकल्प लें कि हम अपने-अपने क्षेत्र को साफ सुथरा रखने का प्रयास करेंगे और इसके लिए दूसरों को भी प्रेरित करेंगे। ताकि रतलाम नगर स्वच्छता की दौड़ में देश में प्रथम स्थान पर आए।



स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के तहत शहर के गांधी नगर स्थित आम्बेडकर हाल में आयोजित भाषण, प्रश्नोत्तरी, चित्रकला, मेहंदी, रंगोली सहित आधा दर्जन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया, जिसमें महिलाओं और बालिकाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के तरीकों को समझाया है।

नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह के निर्देश और महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना क्रमांक एक की वरिष्ठ पर्यवेक्षक श्रीमती वनिता सिंधु के मार्ग दर्शन में आयोजित इन प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रस्तुति देने वाली बालिकाओं स्वच्छता निरीक्षक पर्वत हाड़े, क्षेत्रीय नागरिक हितेश पैमाल आदि ने प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर पर्वत हाड़े व वनिता सिंधु ने स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नगर निगम प्रशासन द्वारा किए जा रहे कार्यों का विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करते हुए।

**प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता** -इस प्रतियोगिता में 25 से अधिक बालिकाओं ने हिस्सा लिया। इनमें बेहतर जवाब देने वाली बालिकाओं में रीमा, तनुश्री, खुशी कौर और नताशा को सम्मानित किया गया।

चित्रकला प्रतियोगिता में भी 75 से अधिक बालिकाओं ने हिस्सा लिया, जिसमें प्रथम पुरस्कार मुस्कान मालवीय, दूसरा पुरस्कार पूजा नागरिया, तीसरा पुरस्कार मेहवीश अली और प्रोत्साहन पुरस्कार आकांक्षा मालवीय को दिया गया।

**रंगोली प्रतियोगिता**- इस प्रतियोगिता में 60 से अधिक महिलाओं व बालिकाओं ने हिस्सा लिया। जिनमें प्रथम श्रुति खांडकर, दूसरे स्थान पर गैलेक्सी टाटावत और तीसरे स्थान पर अभिलाषा डिंडोर रही। प्रोत्साहन पुरस्कार तनुश्री राठौर को दिया गया।

**ये रहे निर्णायक**- चित्रकला प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में वर्षा सोनू आकोदिया, आशा पुरी, निलाफर मौजूद रही। इसी तरह भाषण प्रतियोगिता का निर्णय श्रीमती वनिता सिंधु, अनिल पांचाल और पर्वत हाड़े दिया। रांगोली प्रतियोगिता के निर्णायकगणों में साजिदा अली, पुष्पा भट्ट और निर्मला वर्मा शामिल रही।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–नईदुनिया––पृष्ठ 09..दिनांक.....30/01/..2021

# 99 दिनों में ठीक किए 136 वॉल्व और 672 लीकेज

रतलाम। शहर की जलप्रदाय व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए पाइप लाइन व वॉल्व लीकेज ठीक करने का कार्य जलप्रदाय विभाग द्वारा किया जा रहा है। इसके तहत 99 दिनों में 136 वॉल्व व 672 पाइप लाइन लीकेजों को ठीक किया जा चुका है।

रतलाम जलशक्ति अभियान वाट्सएप ग्रुप में लीकेज की समस्या को अपलोड कर तत्काल निराकरण करवाया जा रहा है। शुक्रवार को इंद्रलोक नगर, क्रिश्चियन कॉलोनी, गोकुलधाम कॉलोनी, करमदी रोड, हाट रोड हनुमान मंदिर के सामने, पटेल कॉलोनी, शास्त्री नगर डा. वर्मा के सामने, शास्त्री नगर मंडी गेट के सामने, राजस्व कॉलोनी, छतीपुल रोड व जावरा रोड पर पाइप लाइन लीकेज ठीक किए गए। इसके अलावा इंद्रलोक नगर मॉर्निंग स्टार स्कूल के पास, शांति नगर टंकी के नीचे व थावरिया बाजार लंबी गली में वॉल्व लीकेज ठीक किया गया।

# आज पशु वध करना, मटन विक्रय प्रतिबंधित

रतलाम। शासन के आदेशानुसार 30 जनवरी गांधी निर्वाण दिवस पर नगरीय सीमा में स्थित समस्त पशु वध गृह व मांस विक्रय की दुकानों पर पशुवध करना, मटन विक्रय करना अथवा बेचना निषेध किया गया है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने संबंधित स्वच्छता निरीक्षकों को उक्त दिवस पर पशु वध करते या मटन विक्रय करते पाया जाने पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

# सड़क निर्माण शुरू होने से क्षेत्रवासियों को राहत

रतलाम | शेरानीपुरा में पिछले दिनों सीवरेज के लिए खोदी गई मुख्य सड़क का निर्माण शुक्रवार को शुरू हो गया। मरकज के सामने की सड़क का निर्माण करीब पखवाड़े भर पहले किया गया था, अब इसके आगे की सड़क का निर्माण किया जा रहा है। अगले दो दिन में यह पूरा हो जाएगा।

# उकाला रोड को लेकर आज होगा चक्काजाम

रतलाम | उकाला रोड की समस्या को लेकर पूर्व में कई बार चक्काजाम के बाद भी समस्या का हल नहीं निकल पाया है। दूध लेकर गुजरने वाले दो पहिया वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। इसको लेकर टाइगर ग्रुप द्वारा शनिवार सुबह 11 बजे चक्काजाम किया जाएगा।

संकलन-नगर निगम, रतलाम अखबार-नईदुनिया--पृष्ठ 13...दिनांक....30/01/2021

# गंदगी से नफरत करने पर ही स्वच्छ और सुंदर होगा शहर

## स्वच्छता सर्वेक्षण-2021 के तहत गांधी नगर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित, जनभागीदारी को बढ़ाने पर दिया बल



स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 के तहत गांधी नगर आम्बेडकर हॉल में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता की विजेता बालिकाएं। •नईदुनिया

**रतलाम।** स्वच्छता सर्वेक्षण-2021 के तहत गांधी नगर में जागरूकता कार्यक्रम हुआ। जनभागीदारी के अभाव में शहर में स्वच्छता के प्रयास आज भी अधूरे हैं। जब तक नागरिक गंदगी से नफरत करना नहीं सीखेंगे, तब तक यहां स्वच्छता की बात कल्पना ही मानी जाएगी। ऐसे में हमें स्वच्छता सर्वेक्षण में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाना चाहिए। हमारा स्कूल, मोहल्ला, सड़क, शहर स्वच्छ और सुंदर बनेगा तो हर नागरिक स्वस्थ भी रहेगा। आज हम सभी ये संकल्प ले कि हम अपने-अपने क्षेत्र को साफ सुथरा रखने का प्रयास करेंगे और इसके लिए दूसरों को भी प्रेरित करेंगे, ताकि रतलाम स्वच्छता की दौड़ में देश में प्रथम स्थान पर आए।

स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 के तहत शहर के गांधी नगर स्थित आम्बेडकर हॉल में आयोजित भाषण, प्रश्नोत्तरी, चित्रकला, मेहंदी, रंगोली सहित आधा दर्जन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें महिलाओं और बालिकाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के तरीकों को समझाया। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह के निर्देश और महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना क्रमांक-एक की वरिष्ठ पर्यवेक्षक वनिता सिंधु के मार्गदर्शन में आयोजित प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रस्तुति देने वाली बालिकाओं को स्वच्छता निरीक्षक पर्वत हाड़े, क्षेत्रीय नागरिक हितेश पैमाल आदि ने प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। पर्वत हाड़े व वनिता सिंधु ने स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नगर निगम प्रशासन द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तृत जानकारी दी।

### ये रहे परीणाम

**प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता :** 25 से अधिक बालिकाओं ने हिस्सा लिया। इसमें बेहतर जवाब देने वाली बालिकाओं में रीमा, तनुश्री, खुशी कीर और नताशा को सम्मानित किया गया।

**चित्रकला प्रतियोगिता :** 75 से अधिक बालिकाओं ने हिस्सा लिया। इसमें मुस्कान मालवीय प्रथम, पूजा नागरिया द्वितीय, मेहवीश अली तृतीय रहीं। प्रोत्साहन पुरस्कार आंकाक्षा मालवीय को दिया गया।

**रंगोली प्रतियोगिता :** 60 से अधिक महिलाओं व बालिकाओं ने हिस्सा लिया। इसमें श्रुति खंडकर प्रथम, गैलेक्सी टाटावत द्वितीय और अभिलाषा डिंडौर तृतीय रहीं। प्रोत्साहन पुरस्कार तनुश्री राठौर को दिया गया।

**ये रहे निर्णायक :** चित्रकला प्रतियोगिता के निर्णायक के रूप में सोनू आकोदिया, आशा पुरी, नीलोफर मौजूद रहीं। इसी तरह भाषण प्रतियोगिता का निर्णय वनिता सिंधु, अनिल पांचाल और पर्वत हाड़े दिया। रंगोली प्रतियोगिता के निर्णायकों में संजिदा अली, पुष्पा भट्ट और निर्मला वर्मा शामिल रहीं।



बच्चे सीख दे रहे..

# कागज पर... सफाई और नशा

**रतलाम, नप्र।** नशामुक्ति और स्वच्छता अभियान में जन जागरूकता लाने तथा शहर की प्रतिभाओं को मंच देने के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। तीन दिनी प्रतियोगिता की शुरुआत 27 जनवरी को नशामुक्त भारत विषय के साथ हुई।


इस दिन शहर के 33 स्कूल और कॉलेज विद्यार्थियों ने भाग लिया। स्पर्धा में पहले आने वाले प्रतियोगी को 3100, द्वितीय को 2100 और तीसरे स्थान पर 1100 रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। साथ ही सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिए जाएंगे।

प्रतियोगिता के दूसरे दिन स्वच्छ रतलाम-स्वच्छता रतलाम विषय पर 38 प्रतिभागियों ने अपने विचारों और जागरूकता संदेशों को चित्रित किया। आज महिला सुरक्षा विषय पर चित्रकला होगी।

**गांधी निर्वाण दिवस पर पशु वध नहीं-** कल गांधी निर्वाण दिवस पर नगर सीमा में स्थित सभी पशु वध गृह एवं मांस विक्रय की दुकानों पर पशु वध नहीं होगा। और नहीं विक्रय होगा। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने संबंधित स्वच्छता निरीक्षकों को निर्देशित किया है कि इन दिनों पशु वध करते या मटन गौश्त विक्रय करते पाया जाए तो संबंधित के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाए।


संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–इन्दौर समाचार पृष्ठ 06 दिनांक 30/01/2021

# निगम आयुक्त झारिया ने निगम भवन पर ध्वजारोहण किया



रतलाम। गणतंत्र दिवस के अवसर पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने प्रातः 7:30 बजे निगम भवन पर ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण पश्चात निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों को 72 वें गणतंत्र दिवस की शुभकामना देकर स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में रतलाम को स्वच्छ सर्वेक्षण में नम्बर 1 बनाने हेतु सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों से एकजुट होकर कार्य करने का आव्हान किया। इस अवसर पर उपायुक्त विकास सोलंकी, निषिकान्त शुक्ला, सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारिया, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, जी.के. जायसवाल, एम.के. जैन, प्रभारी सहायक यंत्री श्याम सोनी, निगम सचिव जसवंत जोशी, लेखाधिकारी विजय बालोदा, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, कार्यालय अधीक्षक रामचन्द्र शर्मा, लेखापाल जगदीश पांचाल, उपयंत्री राजेश पाटीदार, स्टेनोग्राफर प्रमोद तिवारी, सिटी मैनेजर कपील मारोठिया, नितिन तिवारी सहित निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। इन्दौर

## निगम आयुक्त ने किया ध्वजारोहण



रतलाम। गणतंत्र दिवस के अवसर पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने प्रातः निगम भवन पर ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण पश्चात निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निगम के अधिकारी एवं कर्मचारियों को 72 वें गणतंत्र दिवस की शुभकामना देकर स्वच्छ सर्वेक्षण में रतलाम को स्वच्छ सर्वेक्षण में नम्बर 1 बनाने हेतु सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों से एकजुट होकर कार्य करने का आव्हान किया। इस अवसर पर उपायुक्त विकास सोलंकी, निषिकान्त शुक्ला, सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारिया, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, जी.के. जायसवाल, एम.के. जैन, प्रभारी सहायक यंत्री श्याम सोनी, निगम सचिव जसवंत जोशी, लेखाधिकारी विजय बालोदा, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, कार्यालय अधीक्षक रामचंद शर्मा, लेखापाल सहित निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## नगर निगम ने कबाड़ से बनाई यातायात क्रेन

रतलाम । स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत नवाचार करते हुए नगर निगम के अनुपयोगी सामग्री से यातायात क्रेन तैयार धन की बचत के साथ ही रियूज को बढ़ावा दिया। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में 4 आर के तहत नवाचार करने हेतु निगम की 10 वर्ष पुरानी स्वराज माजदा को यातायात क्रेन के रूप में विकसित किया गया है जिसमें पुरानी सामग्री उपयोग किये जाने के साथ ही 2 लाख 93 हजार की राशि से टायर, बैटरी, ऑटो पार्ट्स, केबिन एसेसरिज, फर्श शीट, साईडो शीट, एंगल पत्ती आदि, कलर, हाईड्रोलिक पम्प सहित अन्य सामग्री नई क्रय की गई है। नवीन क्रेन क्रय करने में लगभग 30-35 लाख की राशि व्यय होती। निगम कर्मचारियों ने मात्र 2 लाख 93 हजार की राशि की नवीन सामग्री व अनुपयोगी सामग्री से क्रेन तैयार कर दी है । इसके लिये प्रशंसा के पात्र है, इससे सभी को सामग्री रियूज करने की प्रेरणा मिलेगी।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–प्रसारण––पृष्ठ 02 दिनांक 30/01/2021

मुख्यमंत्री के प्रस्तावित रतलाम आगमन को लेकर

# कलेक्टर श्री डाड ने ली निगम अधिकारियों की बैठक



प्रसारण न्यूज • रतलाम

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के प्रस्तावित रतलाम प्रवास के कार्यक्रम के संबंध में कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड ने निगम आयुक्त के साथ निगम अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आयोजित बैठक में श्री डाड ने मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों को लेकर निगम आयुक्त श्री झारिया व निगम अधिकारियों से चर्चा की. साथ ही मुख्यमंत्री के आने-जाने वाले मार्गों की साफ-सफाई, मरम्मत कार्य, सुरक्षा कार्य सहित अन्य व्यवस्थाओं के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

इसके अलावा मुख्य कार्यक्रम स्थल डोसीगांव में सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए आवश्यक पांडाल सहित अन्य व्यवस्थाएं करवाए जाने के निर्देश कलेक्टर एवं प्रशासक श्री डाड ने बैठक में दिए।

आयोजित बैठक में उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारिया, प्र. कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, जी. के. जायसवाल, प्रभारी सहायक यंत्री एम. के. जैन, प्रभारी जलप्रदाय सत्यप्रकाश आचार्य, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, निगम सचिव जसवन्त जोशी, कार्यालय अधीक्षक रामचन्द्र शर्मा, समग्र सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी आयुषी पालीवाल, प्रभारी पेंशन जगदीश पांचाल, उपयंत्री सुहास पंडित, राजेश पाटीदार, सिद्धार्थ सोनी, अनिता ठाकुर, सिटी मैनेजर कपिल मारोठिया, नितिन तिवारी, स्टेनोग्राफर प्रमोद तिवारी, सहायक राजस्व निरीक्षक अंजनी प्रसाद मिश्रा, सामुदायिक संगठिकाएँ आदि उपस्थित थे।

## गंदगी करने पर 18 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। नगर में ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि अपनी दुकानों एवं घरो से निकलने वाले कचरे को कचरा संग्रहण वाहन में नहीं डालते हुए यहां–वहां डालकर नगर को गंदा करते है ऐसे दुकानदार एवं नागरिकों को लगाम लगाने हेतु निगम द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है साथ ही सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिक एवं दुकानदारों पर घर व दुकानों पर जाकर गठित दल द्वारा जुर्माने की कार्यवाही की जा रही है।

नगर के ऐसे दुकानदार एवं नागरिक जो कि खुले में कचरा डालकर नगर को गंदा कर रहे है ऐसे व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित सीसीटीवी कैमरों से सतत निगरानी रखी जा रही है इस हेतु पुलिस कन्ट्रोल रूम पर 3 पालियों में कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार गंदगी करने पर हेमन्त दो बत्ती पर 500, नेशनल इलेक्ट्रीक धमारिया नाका पर 250, कमल, सुनील महू रोड बस स्टैण्ड, राठौर रेस्टोरेंट त्रिपोलिया गेट, विष्णु कसेरा, मुनव्वर बी चांदनी चौक पर 100–100, बबलू त्रिपोलिया गेट, नानीबाई, इमरान, साजिद, हेमराज, विरेन्द्र, आफताब, सोनू, मोहनलाल, भेरू व जितेन्द्र चांदनी चौक पर 50–50 रूपये का स्पॉट फाईन किया गया।

जुर्माने की कार्यवाही प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी श्री किरण चौहान व श्री पर्वत हाडे, उप स्वच्छता निरीक्षक श्री विनय चौहान आदि के द्वारा की गई। गंदगी व मलबा फैलाने, अतिक्रमण करने पर संबंधितों के विरूद्ध जुर्माना किये जाने का अभियान निरंतर जारी रहेगा।

प्रसारण

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–नईदुनिया–पृष्ठ ...16 दिनांक....30/05/.2021

# 'अनुकंपा के हजारों प्रकरण लंबित, जल्द नियुक्ति दें'

भोपाल। प्रदेश के विभागों में अनुकंपा नियुक्ति के हजारों प्रकरण लंबित हैं। ऐसे प्रकरणों में प्रभावितों को नियुक्ति दी जानी चाहिए। यह मांग कर्मचारियों ने उठाई है। मप्र कर्मचारी कांग्रेस के संरक्षक वीरेंद्र खोंगल ने दावा किया है कि 10 हजार प्रकरण लंबित हैं। ये प्रकरण सभी विभागों में लंबित हैं। वीरेंद्र खोंगल की तरफ से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम एक ज्ञापन दिया गया है। इसमें बताया है कि विभागों में कर्मचारियों की असमय मौत के कारण खाली पदों को समाप्त कर दिया है। जिन संवर्ग व विभागों में पद बचे हैं, वहां प्रकरणों की सुनवाई नहीं हो रही है। दैनिक वेतन भोगी, स्थाईकर्मी और अन्य पदों पर सेवाएं देने वाले कर्मचारियों के मामले में अनुकंपा नियुक्ति का नियम ही नहीं है। इस वजह से उन प्रकरणों की सुनवाई नहीं की जा रही है। वीरेंद्र खोंगल ने दावा किया कि कार्यभारित कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति देने के लिए 2016 में आदेश जारी किए थे लेकिन मृतक कर्मचारियों के आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति नहीं दी गई। (नप्र)

नईदुनिया

# अवैध खननकर्ताओं पर कार्रवाई में देरी न करें

## बड़े मिलावटखोरों को भी पकड़ें, संभागायुक्त ने दिए निर्देश

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। जिले में बड़े मिलावटखोरों पर भी पैनी निगाह रखते हुए उनको पकड़ा जाए। मिलावट से मुक्ति शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। यह निर्देश शुक्रवार को संभागायुक्त संदीप यादव ने विभागों की समीक्षा के दौरान खाद्य व औषधि विभाग के अमले को दिए।

बैठक में संभागायुक्त ने माफियाओं, चिटफंड कंपनियों पर सख्त कार्रवाई के लिए कहा। उन्होंने जिला खनिज अधिकारी को निर्देशित किया कि अवैध उत्खनन पश्चात संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कानूनी एक्शन लेने में देरी नहीं की जाए। कलेक्टर गोपालचंद्र डाड ने संभागायुक्त को बताया कि जिले में पर्याप्त मात्रा में गेहूं भंडारण के लिए आलोट तथा जावरा क्षेत्रों में 50 हजार मीट्रिक टन क्षमता के साईलो कैप बनाए जाएंगे। संभागायुक्त ने ग्रामीण आजीविका मिशन की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया कि जिले में समूहों को इस प्रकार आत्मनिर्भर बनाया जाए कि वे स्वयं ही अपनी आर्थिक गतिविधियां संचालित कर खुले बाजार में प्रतिस्पर्धी साबित हो सकें। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा में संभाग आयुक्त द्वारा निर्देशित किया गया कि आयुष्मान कार्ड बनाने में तेजी लाई जाए। अभी जिले में लक्ष्य की तुलना में 46 प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बन सके हैं।



बंजली हवाई पट्टी का जायजा लेते हुए संभागायुक्त संदीप यादव। ● नईदुनिया

### जिनका प्रीमियम कटा, उन किसानों को मिलेगा बीमा लाभ

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की जानकारी में उपसंचालक द्वारा बताया गया कि जिले में 1203 किसानों की बैंक में एंट्री नहीं होने के कारण उन किसानों को बीमा लाभ दिलाने में कठिनाई आ रही है। संभागायुक्त ने कहा कि राज्य स्तरीय निर्णय लिया जा चुका है कि जिन किसानों का प्रीमियम बैंक द्वारा काटा गया है, उनको बीमा का लाभ मिलेगा। इस संबंध में जिला स्तर पर निर्णय लेते हुए किसानों को बीमा का लाभ दिलवाए।

### मेडिकल कॉलेज के इंतजाम भी देखे

संभागायुक्त ने मेडिकल कॉलेज पहुंचकर मेडिकल कॉलेज के स्टाफ से भी चर्चा की। कॉलेज डीन डा शशि गांधी के साथ बैठक में संभागायुक्त द्वारा कॉलेज में स्टाफ की उपलब्धता, स्टाफ पेटर्न, बजट उपलब्धता, स्टूडेंट की पढ़ाई, फर्नीचर, कोविड-हॉस्पिटल की व्यवस्थाएं आदि बिंदुओं पर जानकारी प्राप्त की।

### चार फरवरी को आएंगे सीएम, संभागायुक्त ने किया रूट का निरीक्षण

मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान चार फरवरी को रतलाम आ सकते हैं। जिला प्रशासन ने अभी प्रारंभिक तैयारी की है। सीएम के प्रस्तावित दौरे को लेकर शुक्रवार को संभागायुक्त संदीप यादव द्वारा मुख्यमंत्री भ्रमण के रूट का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर गोपालचंद्र डाड, एसपी गौरव तिवारी, एसडीएम अभिषेक गेहलोत, सीएसपी हेमंत चौहान आदि उपस्थित थे। संभागायुक्त द्वारा बंजली हवाई पट्टी पहुंचकर निरीक्षण किया गया। इसके अलावा पलसोड़ा तथा डोसी गांव में की जाने वाली व्यवस्थाओं के संबंध में निरीक्षण करते हुए दिशा-निर्देश दिए। चार फरवरी को सीएम के दोपहर 1:30 बजे तक रतलाम आने की संभावना है। डोसीगांव में पीएम आवास के हितग्राहियों को गृह प्रवेश कराने के साथ ही पलसोड़ा में अटल प्रतिमा का अनावरण कार्यक्रम भी है।

# शहीद दिवस पर रखेंगे दो मिनट का मौन

रतलाम ● स्वदेश समाचार

शहीद दिवस 30 जनवरी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बलिदान दिवस और अन्य शहीदों की स्मृति में दो मिनिट का मौन धारण किया जाएगा।

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में जीवन का बलिदान देने वाले शहीदों को 30 जनवरी को प्रदेशभर में स्मरण करते हुए पूर्वान्ह 11 बजे सभी कार्य और गतिविधियां रोक कर दो मिनिट का मौन धारण के संबंध में सभी विभागों को विस्तृत निर्देश भेजे गए हैं। निर्देशों में कहा गया है कि मौन धारण के लिए सायरन बजाकर/ सेना की तोप दागकर आवश्यक व्यवस्था भी की जाए। शहीद दिवस 30 जनवरी को पूर्वान्ह 10.59 बजे पर प्रथम सायरन एक मिनिट तक बजाया जाए फिर दो मिनिट के बाद अर्थात 11.2 से 11.3 बजे तक ऑल क्लियर सायरन बजाया जाए। जहां भी सायरन उपलब्ध है, यही कार्य विधि अपनाई जाए। सामान्य प्रशासन विभाग ने आग्रह किया है कि कार्यालयों में जब दो मिनिट का मौन रखा जा रहा हो, तब आम लोग अपने दैनिक कार्य को दो मिनिट के लिए त्यागकर इसमें शामिल हों। शहीद दिवस सम्पूर्ण गरिमा के साथ मनाया जाए। स्वदेश

## शहीद दिवस पर रखेंगे दो मिनट का मौन

रतलाम। प्रदेश में शहीद दिवस 30 जनवरी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बलिदान दिवस और अन्य शहीदों की स्मृति में दो मिनट का मौन धारण किया जाएगा। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में जीवन का बलिदान देने वाले शहीदों को 30 जनवरी को प्रदेश भर में स्मरण करते हुए सुबह 11 बजे सभी कार्य और गतिविधियां रोककर दो मिनट का मौन धारण के संबंध में सभी विभागों को विस्तृत निर्देश भेजे गए है। निर्देशों में कहा गया है कि मौन धारण के लिए सायरन बजाकर/सेना की तोप दागकर आवश्यक व्यवस्था भी की जाए।

इंदौर

# स्वच्छंद विचरण करने वाले 591 मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा

रतलाम। नगर को साफ-स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानो, सड़को, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गौशालाओं में भेजा जा रहा है जिसके तहत 12 अक्टूबर से 27 जनवरी तक 591 मवेशियों को पकड़कर जिले की गौशालाओं में भेजा गया। कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम गोपालचन्द्र डाड व निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा 13 अक्टूबर से अभियान चलाया गया तथा 27 जनवरी तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 591 मवेशियों को पकड़ा जाकर जिले की विभिन्न गौशालाओं में भेजा गया। अभियान के तहत 27 जनवरी को कस्तुरबा नगर, मुखर्जी नगर, अलकापुरी व विनोबा नगर से 5 मवेशी निगम के स्वास्थ्य विभाग के अमले द्वारा पकड़े गये।

इन्दौर

## 604 मवेशियों को पकड़कर गोशालाओं में भेजा

रतलाम। नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानों, सड़कों, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को पकड़कर गोशालाओं में भेजा जा रहा है। अब तक 604 मवेशियों को पकड़कर जिले की गोशालाओं में भेजा जा चुका है। शुक्रवार को जावरा रोड व अलकापुरी से दो मवेशी अमले द्वारा पकड़े गए।

## गंदगी फैलाने वाले 11 व्यक्तियों पर जुर्माना

रतलाम। नगर निगम द्वारा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गंदगी फैलाने वाले नागरिकों व दुकानदारों पर जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। गंदगी फैलाने पर देवदत्त, दीपक, कमल धानमंडी, सोमनाथ नमकीन विरियाखेड़ी पर 500-500, राज इंटरप्राइजेस, गुंजन ट्रेडर्स धानमंडी पर 250-250, नंदू मुनिया म्हू रोड पर 150, जायसवाल, योगेंद्र म्हू रोड, केसर म्हू रोड व सावंत छत्री पुल पर 50-50 रुपये का जुर्माना किया गया।

स्वदेश

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार प्रसारण पृष्ठ 07 दिनांक 30/01/2021

# शहीद दिवस पर पूर्वान्ह 11 बजे होगा दो मिनिट का मौन

## - स्वतंत्रता संग्राम बलिदानियों का गरिमापूर्वक होगा स्मरण - विभागाध्यक्षों, जिला कलेक्टरों को निर्देश जारी

प्रसारण न्यूज़ * रतलाम

प्रदेश में शहीद दिवस 30 जनवरी को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बलिदान दिवस और अन्य शहीदों की स्मृति में दो मिनिट का मौन धारण किया जाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में समस्त विभागों, कमिश्नरों और कलेक्टरों को निर्देश जारी किए हैं।

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में जीवन का बलिदान देने वाले शहीदों को 30 जनवरी को प्रदेश भर में स्मरण करते हुए पूर्वान्ह 11 बजे सभी कार्य और गतिविधियां रोककर दो मिनिट का मौन धारण के संबंध में सभी विभागों को विस्तृत निर्देश भेजे गए हैं। निर्देशों में कहा गया है कि मौन धारण के लिए सायरन बजाकर/ सेना की तोप दागकर आवश्यक व्यवस्था भी की जाए। शहीद दिवस 30 जनवरी को पूर्वान्ह 10 बजकर 59 मिनिट पर प्रथम सायरन एक मिनिट तक बजाया जाए, फिर दो मिनिट के बाद अर्थात 11 बजकर 2 मिनिट से 11 बजकर 3 मिनिट तक ऑल क्लियर सायरन बजाया जाए। जहां भी सायरन उपलब्ध है, यही कार्य विधि अपनाई जाए।

जिला कलेक्टरों से कहा गया है कि व्यवहारिक रूप से जहां भी संभव हो, दो मिनिट का मौन शुरू होने और समाप्त होने की सूचना दी जाए। सिग्नल सुनकर जो व्यक्ति जहां उपलब्ध हो, खड़े होकर, मौन धारण करें। अकेले खड़े होने के स्थान पर अधिक व्यक्ति एक ही स्थान पर एकत्र होकर मौन के लिए खड़े हो सकें, तो यह और भी कारगर एवं प्रभावशाली होगा। यदि एक स्थान पर एकत्र होने से कार्य के अस्त-व्यस्त होने की आशंका हो, तो सबको एक जगह एकत्रित होने की आवश्यकता नहीं है। सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी निर्देश में 30 जनवरी को सभी जिलों और शहरों में सायरन की व्यवस्था कर शहीदों की स्मृति में मौन धारण करने के लिये आम नागरिकों के साथ ही औद्योगिक प्रतिष्ठानों, अशासकीय संस्थाओं से भी अनुरोध किया है।

निर्देशों में कहा गया है कि विद्यालयों और महाविद्यालयों में सायरन की जगह घन्टी की व्यवस्था की जा सकती है। सामान्य प्रशासन विभाग ने आग्रह किया है कि कार्यालयों में जब दो मिनिट का मौन रखा जा रहा हो, तब आम लोग अपने दैनिक कार्य को दो मिनिट के लिये त्यागकर इसमें शामिल हों। शहीद दिवस सम्पूर्ण गरिमा के साथ मनाया जाए।

प्रसारण

### बीएलसी आवास डीपीआर की निगम आयुक्त झारिया ने की समीक्षा

रतलाम। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत स्लम बस्तियो में निवासरत् नागरिकों को पक्के मकान निर्माण हेतु बीएलसी योजना के तहत दी जाने वाली राशि की डीपीआर की समीक्षा निगम आयुक्त श्री झारिया ने की। निगम आयुक्त श्री झारिया ने विरियाखेड़ी, ईश्वर नगर व बजरंग नगर की 1351 व 121 तथा नगर की 39 बस्तियों के 3442 की डीपीआर की समीक्षा कर निर्देशित किया कि जिन हितग्राहियों के नाम अनुमोदित है उन्हे राशि भुगतान की कार्यवाही की जावे साथ ही ऐसे हितग्राही जिन्हे राशि आवंटित हो चुकी है व निर्माण कार्य प्रारंभ नही किया है उन्हे नोटिस जारी कर एक सप्ताह में कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिये जावे फिर भी संबंधित यदि कार्य प्रारंभ नही करता है तो राशि वापसी की कार्यवाही की जावे। आयोजित समीक्षा बैठक में निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि आवासहीनों को आवास उपलब्ध कराना एक पुण्य कार्य है इस कार्य में किसी भी प्रकार की देरी ना करते हुए पात्र हितग्राहियों को राशि भुगतान की कार्यवाही शीघ्र करें।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–इन्दौर समाचार पृष्ठ ..12.. दिनांक......30/01/2021

# हथेलियों पर मेंहदी रचा कर दिया स्वच्छता का संदेश

## स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 के तहत शहर की ईश्वर नगर सहित आधा दर्जन स्लम बस्तियों के नागरिकों ने जागरुकता कार्यक्रम में लिया स्वच्छता का संदेश





**रतलाम। स्वच्छता हर इंसान के लिये काफी महत्व रखती है। स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के तहत नगर निगम रतलाम शहर के प्रमुख बाजारों, कालोनियों, सार्वजनिक स्थलों की सफाई व्यवस्था को चौंक चौबंद रखने के साथ ही अब स्लम बस्तियों को स्वच्छ बनाने में जुट गया है।**

यहां मूलभूत सुविधाओं को लगातार जहां एक ओर दुरुस्त किया जा रहा है वहीं इन्हीं स्वच्छता की दौड़ में भी अव्वल बनाने के प्रयास तेजी से चल रहे है। बुधवार को शहर की ईश्वर नगर, मोती नगर सहित आधा दर्जन बस्तियों के सैकड़ों लोगों के बीच स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें उपस्थित महिलाओं व बालिकाओं ने हथेलियों पर मेंहदी रचा कर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने का संकल्प लिया है। ईश्वर नगर स्थित स्कूल व आंगनवाड़ी केन्द्र परिसर में स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम में नगर निगम की सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारिया, स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह, व प्रदेश में सुपर हीरो सम्मान से सम्मानित व महिला एवं बाल विकास विभाग की वरिष्ठ पर्यवेक्षक श्रीमती एहतेशाम अंसारी की विशेष उपस्थिति में स्वच्छता जागरुकता रैली निकाली गई। रैली में आधा दर्जन से ज्यादा स्लम बस्तियों से आई महिलाएं व बालिकाएं शामिल रही। रैली पूरे क्षेत्र में हम सबने ठाना है, रतलाम को स्वच्छ बनाना है कि नारे लगाते हुए वापस स्कूल परिसर में लौटी। इसके बाद इसी परिसर में मेरा रतलाम-स्वच्छ रतलाम विषय पर मेंहदी प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें महिलाओं और बालिकाओं ने अपनी हथेलियों पर स्वच्छ और सुंदर रतलाम का संदेश मेंहदी के रंगों के माध्यम से दिया। इस दौरान स्वच्छता विषय पर ही नुक्कड़ नाटक व चित्रकला प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गई। प्रतियोगिताओं में सफल रहे प्रतियोगियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। यहां स्वच्छता की शपथ स्वास्थ्य अधिकारी एपीसिंह ने दिलाई। स्वच्छ सर्वेक्षण अभियान 2021 के अंतर्गत निगमायुक्त सोमनाथ झारिया द्वारा लगातार शहर के सभी क्षेत्रों को स्वच्छ और सुंदर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान नगर निगम द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत शहर में विशेष साफ-सफाई अभियान बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा है। इसके साथ-साथ ही कचरा मुक्त स्थानों पर आकर्षक रांगोली और दीपदान के माध्यम से सफाई मित्र समूह के माध्यम से लोगों को जागरुक किया जा रहा है।

इन्दौर



# नशा मुक्ति पर विद्यार्थियों ने उकेरे चित्र, विद्यार्थियों को किया पुरस्कृत

प्रसारण न्यूज़ * रतलाम

नशामुक्ति और स्वच्छता अभियान अंतर्गत नगर पालिक निगम द्वारा जन जागरूकता ओर शहर की प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर तीन दिवसीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जा रहा है।

निगम द्वारा प्रथम स्थान पर 3100 द्वितीय स्थान पर 2100 ओर तृतीय स्थान पर 1100 रुपये का पुरस्कार दिया जाएगा और सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिये जावेंगे। 27 जनवरी को नशामुक्त भारत विषय से प्रतियोगिता की शुरआत की गई इस दिन शहर के 33 स्कूल और कॉलेज विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में भाग लिया।

प्रतियोगिता आयोजन स्थल शहरी आजीविका केंद्र पर नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया, उपायुक्त नगर पालिक निगम रतलाम व परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण निशीकान्त शुक्ला, उपायुक्त विकास सोलंकी, सिटी मैनेजर नितिन तिवारी ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर प्रतियोगिता की शुरुआत की।

शहरी आजीविका केंद्र प्रबंधक नवोदित बैरागी ने बताया कि प्रतियोगिता के दूसरे दिन स्वच्छ रतलाम, स्वच्छता रतलाम विषय पर 38 प्रतिभागियों ने अपने चित्रों और जागरूकता संदेशों को चित्रित किया।

## गांधी निर्वाण दिवस पर पशु वध करना, मटन विक्रय प्रतिबंधित

रतलाम। मध्यप्रदेश शासन के आदेशानुसार 30 जनवरी गांधी निर्वाण दिवस पर नगर सीमा में स्थित समस्त पशु वध गृह एवं मांस विक्रय की दुकानों पर पशुवध करना, मटन, गौशत विक्रय करना अथवा बेचना निषेध किया गया है। निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने संबंधित स्वच्छता निरीक्षकों को निर्देशित किया है कि उक्त दिवसों को पशु वध करते या मटन गौश्त विक्रय करते पाया जाए तो संबंधित के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाए।

प्रसारण

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार–स्वदेश–––पृष्ठ 03 दिनांक 30/01/2021



# मुख्यमंत्री के प्रस्तावित आगमन को लेकर कलेक्टर ने ली निगम अधिकारियों की बैठक

**रतलाम ● स्वदेश समाचार**

कलेक्टर एवं निगम प्रशासक गोपालचंद डाड ने मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों को लेकर निगम आयुक्त श्री झारिया व निगम अधिकारियों से चर्चा की, साथ ही मुख्यमंत्री के आने जाने वाले मार्गों की साफ-सफाई, मरम्मत कार्य, सुरक्षा कार्य सहित अन्य व्यवस्थाओं के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। इसके अलावा मुख्य कार्यक्रम स्थल डोसीगांव में सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए आवश्यक पांडाल सहित अन्य व्यवस्थाएं करवाए जाने के निर्देश कलेक्टर ने बैठक में दिए।

आयोजित बैठक में उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारिया, प. कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द व्यास, जीके जायसवाल, प्रभारी सहायक यंत्री एमके जैन, प्रभारी जल प्रदाय सत्यप्रकाश आचार्य, स्वास्थ्य अधिकारी एपी सिंह, निगम सचिव जसवन्त जोशी, कार्यालय अधीक्षक रामचन्द्र शर्मा, समग्र सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी श्रीमती आयुषी पालीवाल, प्रभारी पेंशन जगदीश पांचाल, उपयंत्री सुहास पंडित, राजेश पाटीदार, सिद्धार्थ सोनी, अनिता ठाकुर, सिटी मैनेजर कपिल मारोठिया, नितिन तिवारी, स्टेनोग्राफर प्रमोद तिवारी, सहायक राजस्व निरीक्षक अंजनीप्रसाद मिश्रा, सामुदायिक संगठिकाएं आदि उपस्थित थे।

# वार्ड 34 के नागरिकों ने लिया वार्ड और शहर को स्वच्छ रखने का संकल्प लिया

रतलाम । अपने घर और आसपास क्षेत्र को साफ सुंदर देखना हर कोई पसंद करता है, मगर इच्छाशक्ति के अभाव में सड़कों पर कचरे का ढेर, सड़कों पर बहता नालियों का पानी, सड़कों और नालों में यहाँ-वहाँ बिखरे कचरे यही बंया कर रहे हैं कि स्वच्छता के प्रति हम अब भी उदासीनता है। ऐसे में जरुरी है कि हम सभी स्वच्छता नियमों का पालन करते हुए घरो में चार डस्टबिनों का उपयोग करें। गीला-सूखा कचरा इसके संग्रहण वाहन में ही डाले। अगर हम सब इन नियमों का पालन करेंगे तो शहर देश में नम्बर- 1 बन जाएगा।

शुक्रवार को शहर के वार्ड नम्बर 34 से हटाए गए कचरा स्थलो पर रांगोली निर्माण व दीपदान के दौरान उक्त संकल्प क्षेत्रीय रहवासियों ने लिया। यहां स्वच्छता संकल्प समाजसेवी मांगीलाल जैन दिलाया इस अवसर पर कांग्रेस नेता जोयब आरिफ सहित वार्ड के गणमान्य नागरिक व महिलाए व बच्चे उपस्थित थे।

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार इन्दौर समाचार पृष्ठ ..01.. दिनांक.....30/01/..2021

**नशा मुक्ति हेतु दिलाई ऑन लाईन शपथ**

# निगम आयुक्त झारिया ने ली टी.एल. बैठक



**रतलाम। सिविक सेन्टर स्थित तरणताल (स्वीमिंग पुल) के पीछे स्थित मिटिंग हॉल में निगम आयुक्त श्री झारिया ने निगम के विभाग प्रमुखों की साप्ताहिक टी.एल. बैठक लेकर कार्यो की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये।**

आयोजित बैठक में निगम आयुक्त झारिया ने निर्देशित किया कि जिस-जिस विभाग में सीएम हेल्प लाईन की शिकायत लंबित है उनका समय-सीमा में निराकरण करवाकर शिकायत बंद करावें साथ ही 100 व 300 दिवस से उपर की लंबित शिकायते है उन्हे 2 दिवस में अनिवार्य रूप से कटवाना सुनिश्चित करें। इसके अलावा लोक सेवा से संबंधित नगर निगम द्वारा दी जाने वाली सेवाऐं प्राथमिकता से नागरिकों को दिये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया साथ ही संबल योजना के प्रकरणों का श्रम विभाग व नगर निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी आपसी समन्वय के साथ तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिये। खुले में कचरा डालने वाले व्यक्तियों पर लगाम लगाने हेतु निगम आयुक्त श्री झारिया ने अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि खुले में कचरा डालने वाले व्यक्तियों का फोटो एवं विडियो बनाकर मुझे भेजे ऐसे व्यक्तियों का उनके निवास स्थल पर जाकर स्पॉट फाईन किया जावेगा। निगम आयुक्त श्री झारिया ने कहा कि सिविक सेन्टर स्थित तरणताल का यह मिटिंग हॉल में प्रोजेक्टर, एलईडी टी.वी., साउण्ड सिस्टम से लैस है इस हॉल को एस.बी.एम. सेल ऑफिस के रूप में उपयोग किये जाने के साथ ही जीपीएस सिस्टम संचालन का केन्द्र रहेगा। इस अवसर पर नशा मुक्ति हेतु निगम आयुक्त श्री झारिया ने नशा मुक्ति हेतु उपस्थित अधिकारी एवं कर्मचारियों को नशा मुक्ति हेतु ऑन लाईन शपथ दिलाई। आयोजित बैठक में उपायुक्त नगर पालिक निगम रतलाम व परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण निशीकान्त शुक्ला, उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारिया, प्र. कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, जी.के. जायसवाल, प्रभारी सहायक यंत्री एम.के. जैन, प्रभारी जलप्रदाय सत्यप्रकाश आचार्य, प्रभारी उद्यान विभाग अरविन्द दशोतर, स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह, निगम सचिव जसवन्त जोशी, कार्यालय अधीक्षक रामचन्द्र शर्मा, समग्र सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी श्रीमती आयुषी पालीवाल, प्रभारी पेंशन जगदीश पांचाल, उपयंत्री मनीष तिवारी, सिटी मैनेजर कपिल मारोठिया, नितिन तिवारी, स्टेनोग्राफर प्रमोद तिवारी, सहायक राजस्व निरीक्षक अंजनी प्रसाद मिश्रा आदि उपस्थित थे।

इन्दौर